भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2016

जिसका उत्तर 17.12.2025 को दिया जाना है

राजमार्ग निर्माण लक्ष्य

2016 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 2025-26 के राजमार्ग निर्माण लक्ष्य को 2024-25 के 12,000 किलोमीटर से घटाकर 10,000 किलोमीटर कर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या लक्ष्य में कमी किए जाने से देश भर के प्रमुख आर्थिक केंद्रों को जोड़ने में विलंब हो रहा है;

(घ) क्या 2024-25 में 12,000 किलोमीटर निर्माण का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है; और

(ङ) यदि हाँ, तो आंध्र प्रदेश राज्य में निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने निर्माण-पूर्व कार्यकलापों की पूर्ति के अध्यधीन चल रहे कार्यों की वर्तमान प्रगति और प्रारंभ की जाने वाली परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएस) परियोजनाओं के लिए 10,000 किमी का निर्माण लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 10,000 किमी का निर्माण लक्ष्य विगत वित्त वर्ष 2024-25 के समान ही है, जो लगभग 10,420 किमी था, जिसके मुकाबले उपलब्धि 10,660 किमी रही।

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए वर्ष 2024-25 का निर्माण लक्ष्य 793 किमी था, जिसके मुकाबले उपलब्धि 757 किमी रही।

*****